चेख़व के फ़साने

बालमुकुंद नंदवाना



चेख़व के फ़साने

अनुवाद-संकलन

बालमुकुंद नंदवाना

प्रकाशक: नॉटनल

प्रकाशन: सितम्बर, 2022

© बालमुकुंद नंदवाना

अनुक्रमणिका

वार्ड नंबर 6	3
एक कुत्ते के साथ महिला	115
प्रेम के बारे में	149
शर्त	167
क्रिसमस का त्योहार	181
शिक्षिका	191
एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान का इतिहास	209
ओह! ये पब्लिक	217
प्रतिभा	226
एक क्लर्क की मौत	236

वार्ड नंबर 6

अस्पताल के यार्ड में एक छोटी लॉज है, गोखरू, बिछुआ और सन के जंगल से घिरी हुई. इसकी छत जंग खाई हुई है, चिमनी झुकी हुई है, प्लास्टर के बस निशान बचे हैं, सामने के दरवाज़े की सीढ़ियाँ टूटी हुई और चारों ओर ऊंची-ऊंची घास. इस छोटी लॉज के सामने अस्पताल है और पीछे की ओर खुला मैदान है, जिसे अस्पताल की भूरे रंग की बड़ी-बड़ी नुकीली कीलों वाली फेंस अलग करती है. ये ऊपर उठी हुई नुकीली कीलें, और फेंस, और लॉज, कुल मिलाकर एक अजीब-सा उजड़ा भयावह लुक देती हैं, जो हमारे यहाँ केवल अस्पतालों और जेलों की इमारतों में दिखाई देता है.

अगर आप बिछुआ के पौधों के डंक से नहीं डरते हैं, तो आप आराम से संकरी पगडंडी से आइये वह आपको लॉज की ओर ले जाएगी. आइये देखते हैं अन्दर क्या हो रहा है. पहला दरवाज़ा खोलकर हम गलियारे में प्रवेश करते हैं. यहाँ दीवारों के सटा हुआ और सिगड़ी के पास अस्पताल का हर प्रकार का कूड़ा-करकट बिखरा हुआ है. गद्दे, फटे-पुराने ड्रेसिंग गाउन, पतलूनें, नीली धारियों वाली कमीजें, बूट और जूते जो किसी काम के नहीं हैं – इन सभी अवशेषों के ढेर लगे हुए हैं, आपस में गुथे हुए, मुड़े-तुडे, सड़े हुए, जो एक असहनीय दुर्गंध फैला रहे हैं.